कार्यालय प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवली
NH-12, राजकीय अस्पताल के पास, देवली (टोंक), राजस्थान -304804
Email: gc_deoli@rediffmail.com , govtcollegedeoli@gmail.com
Phone/Fax : 01434-232202

क्रमांक / रामदे / 2020 / दिनांक : 07.10.2020

प्रेस नोट

आज दिनांक 7.10.2020 को राजकीय महाविद्यालय देवली (टोंक) द्वारा 'नो मास्क नो एन्ट्री – जन जागरूकता' पखवाड़े के अन्तर्गत एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वावधान में "कोरोना वायरस जागरूकता रैली" का आयोजन किया गया । प्राचार्य श्री बन्ना लाल ने महाविद्यालय से हरी झंडी दिखाकर रैली को प्रारम्भ किया । एन.सी.सी. प्रभारी मनोज कुमार राघव एवं एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. ज्योति गुप्ता के नेतृत्व में जागरूकता रैली महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर चर्च रोड़, सी.आई.एस.एफ. मुख्य द्वार, महावीर उद्यान, पटेल नगर होती हुई वापिस महाविद्यालय पहुंची । रैली के दौरान एन.सी.सी. कैडेट्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने " कोरोना हारेगा भारत जीतेगा", "घर में रहो ना मानो हार, कोरोना पर करो प्रहार",होगी सुरक्षा पूरी रखो दो गज दूरी" आदि जोशीले नारे लगाकर आमजन में कोरोना के प्रति जागरूकता का प्रचार प्रसार किया । रैली में एन.एस. एस.प्रभारी श्री सांवर मल कुमावत, दिनेश कुमार वर्मा,सत्यनारायण मीणा एवं अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे ।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, देवली

प्रतिलिपि :– प्रकाशनार्थ हेतु –

1. संपादक महोदय राजस्थान पत्रिका / दैनिक भास्कर / दैनिक नवज्योति / पंजाब केसरी।
2. वेब प्रभारी अपलोड हेतु ।

Scanned with CamScanner